# उदयपुर विकास प्राधिकरण ने भुवाणा में सीज़ की तीन दुकानें

■ यूडीए की जमीन पर बना दी दुकानें, इधर स्टे के बावजूद स्विमिंग पूल व कमरों का निर्माण जारी

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर विकास प्राधिकरण(यूडीए) ने बुधवार को राजस्व ग्राम भुवाणा में कारवाई करते हुए यूडीए की जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई तीन दुकानों को सीज कर दिया। भुवाणा में ही कोटा बावड़ी क्षेत्र में स्टे के बावजूद एक व्यक्ति द्वारा स्विमिंग पूल व नए कमरों का निर्माण जारी रखने पर अब यूडीए ने इस व्यक्ति के खिलाफ न्यायालय की अवमानना का प्रकरण दर्ज करवाने की तैयारी की है।

तहसीलदार डॉ.अभिनव शर्मा ने बताया कि राजस्व ग्राम भुवाणा के आराजी संख्या 883 की भूमि उदयपुर विकास प्राधिकरण(यूडीए)आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर बुधवार को यूडीए ने भुवाणा में तीन दुकानें सीज की। तहसीलदार ने बताया कि राजस्व ग्राम भुवाणा के आराजी संख्या 883 की भूमि उदयपुर विकास प्राधिकरण के नाम दर्ज है। इस भूमि पर रमेश डांगी द्वारा बिना किसी विधिक दस्तावेज एवं बिना सक्षम स्वीकृति के दुकाने बनाकर व्यवसायिक गतिविधि की जा रही थी। नोटिस के बावजूद इस भूमि के मालिकाना हक के दस्तावेज पेश नहीं करने पर दूकानें सीज कर दी गई। राजस्व ग्राम सुखेर के आराजी संख्या 1526 मीन प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित प्लान में रिजर्व भूमि पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कर एक होटल व्यवसायी द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के आदेश भी जारी किए गए है। इस अतिक्रमण को लेकर क्षेत्रवासी कई बार यूडीए में शिकायत कर चुके है।

यूडीए तहसीलदार डॉ. अभिनव शर्मा ने बताया कि राजकमल होटल के पीछे कोटा बावड़ी क्षेत्र में राजस्व ग्राम भुवाणा के आराजी संख्या 2574-2575 आदि की उदयपुर विकास प्राधिकरण स्वामित्व की जमीन है। इस जमीन पर नीतेश जैन द्वारा नवीन कमरो, स्विमिंग पूल का नया निर्माण कर अतिक्रमण किया जा रहा था। निर्माणकर्ता द्वारा इस जमीन को लेकर स्थानीय कोर्ट में सुरेश गमेती बनाम न्यास का प्रकरण विचाराधीन होकर यूडीए के विरूद्ध स्टे होना बताया।जबकि मौके पर वादी। अन्य निजी व्यक्ति द्वारा निरन्तर निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। काम रूकवाने पर उलटा यूडीए टीम को ही कोर्ट की अवमानना का तर्क दिया गया। जबकि स्टे के आदेश की पालना वादी को भी करनी है।

यूडीए ने फोटोग्राफी कर मौका रिपोर्ट के साथ रिपोर्ट तैयार कर ली है ताकी संबंधित व्यक्ति के खिलाफ अवमानना प्रकरण दर्ज करवाने के साथ ही इस संपत्ति को सीज करने के आदेश प्राप्त करने की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी है।

## पेड़ पर लटका मिला शव

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के माथुगामडा गांव में बस स्टैंड के पास एक युवक का शव नीम के पेड से लटका मिला। पुलिस ने मृतक की पहचान टपलारा निवासी राहुल के रूप में की है। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सदर थाने के एएसआई ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि माथुगामडा बस स्टैंड के पास एक युवक ने नीम के पेड पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही एएसआई अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पेड से नीचे उतारा। शिनाख्त के प्रयासों के बाद मृतक की पहचान टपलारा निवासी राहुल पुत्र थावरा मीणा के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। एएसआई ने बताया कि मृतक के पिता बाहर रहते हैं, जिन्हें सूचना दे दी गई है।

# लेकसिटी में तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंचा

■ अस्पतालों में लू-तापाघात से बचाव व उपचार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

**उदयपुर,(कासं)।** उदयपुर जिले में गर्मी अब अपने तेवर दिखाई लगी है। हीटवेव का असर भी अब दिखाई देने लगा है वहीं तापमान में भी बढोतरी होकर यह 39.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान भी 21 डिग्री पर पहुंच गया है। इधर, राज्य में लगातार बढ़ते तापमान और मौसम विभाग की ओर से चेतावनी को देखते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशों के क्रम में जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन में जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

हीटवेव के दौरान आमजन तथा पशुधन को प्रभावित होने से बचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इधर, शहर में बढते तापमान के बीच शहर में बने तरणतालों पर लोग गर्मी से निजात व तैराकी का प्रशिक्षण लेने पहुंच रहे है। तैराकी प्रशिक्षक दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि उदयपुर शहर के आरएनटी कॉलेज में स्थित तरणताल पर सुबह व शाम लोगों को तैराकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चौहान ने बताया कि यह तरणताल शहरी सीमा के बीचो-बीच स्थित होने से यह तैराकी प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने राजस्थान सहित देश के 23 राज्यों को हीट वेव के प्रति संवेदनशील घोषित किया है। इसी के तहत राजस्थान में राहत आयुक्त को राज्य स्तर पर हीट वेव एक्शन प्लान तैयार करने और उसे जिला स्तर पर लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के आदेशानुसार जिले में हीट वेव प्रबंधन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो जिले में लू से बचाव की तैयारियों, जन-जागरूकता और राहत कार्यों की सीधे निगरानी करेंगे। इसके अलावा प्रशासन की ओर से आमजन को लू-तापाघात से बचाव को लेकर जागरूक करने के लिए भी विविध आईईसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों, नगर निगम आयुक्त और स्वास्थ्य विभाग सहित 12 प्रमुख विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। जिला प्रशासन ने आमजन के राहत हेतु गर्मी/लू-ताप की लहर के दौरान भारत एवं राज्य सरकार द्वारा तैयार क्या करें और क्या न करें गाइडलाइन जारी की है। साथ ही किसी भी तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्या पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार लेने की भी अपील की है।

हीट वेव के दौरान मूलभूत सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं के निर्बाध संचालन के लिए जिला कलक्टर ने स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को लू से प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए सभी चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक व्यवस्थाएं रखने और स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# सिंधु बिनुजीत को मिलेगा राज्य स्तरीय सम्मान

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान पुलिस के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में इस वर्ष समाज सेवा के क्षेत्र में अनूठा उदाहरण पेश करने वाली उदयपुर की संभाग स्तरीय बाल सुरक्षा सलाहकार सिंधु बिनुजीत को सम्मानित किया जाएगा। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कार्मिक) बीजू जॉर्ज जोसफ द्वारा जारी आदेश के अनुसार जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में गुरुवार को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय पुलिस स्थापना दिवस समारोह में माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा बिनुजीत को यूनिसेफ व राजस्थान पुलिस के साथ जुड़कर बाल संरक्षण गतिविधियों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी सेवाओं को सराहा जाएगा।

उदयपुर की बाल संरक्षण सलाहकार सिंधु बिनुजीत को सम्मानित किया जाना राजस्थान पुलिस के बदलते स्वरूप और स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक बड़ा कदम है। आजादी के बाद से पुलिसिंग में कई बदलाव आए हैं, लेकिन वर्तमान में बाल संरक्षण और महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर पुलिस का ध्यान एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है।सिंधु बिनुजीत की सक्रियता वर्ष 2010 में दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर जिले में उस समय चर्चा में आई, जब उन्होंने बी.टी. कॉटन क्षेत्रों में बच्चों के बाल श्रम और पलायन को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाए। आदिवासी क्षेत्रों में परंपराओं के खिलाफ जाकर प्रशासन, पुलिस और यूनिसेफ (ळ्न्प्फ्इं) के बीच समन्वय स्थापित कर उन्होंने बाल श्रम की मुख्य समस्या का समाधान निकाला।

उनके मुख्य कार्यों में केवल जागरूकता ही नहीं, बल्कि पुलिस विभाग के भीतर भी बदलाव लाना शामिल रहा है। उन्होंने पुलिस और बच्चों के बीच आत्मीय संवाद शुरू किया, जिससे बच्चों का पुलिस के प्रति डर खत्म हुआ। पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक और सुरक्षा सखियों को बाल संरक्षण के विषयों पर प्रशिक्षित किया तथा डूंगरपुर में बाल मित्र पुलिस थाना' और 'सुरक्षित विद्यालय' जैसे नवाचारों की शुरुआत की।सिंधु के कार्यों की गूंज तब और तेज हुई जब 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने डूंगरपुर भ्रमण के दौरान इस नवाचार से जुड़ी बालिकाओं से संवाद किया। वे इन नवाचारों से इतनी प्रभावित हुईं कि उन्होंने इसे पूरे राज्य में लागू करने के निर्देश दिए। वर्तमान में यह उदयपुर रेंज के सभी जिलों में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है, जिससे हजारों बच्चे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हुए हैं। यद्यपि सिंधु बिनुजीत को वर्ष 2017 में राज्य सरकार द्वारा और विभिन्न समूहों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

# पेसिफिक मेडिकल कॉलेज ने जारी किया मधुमेह विशेषांक

■ 199 वैश्विक शोध पत्रों का है अनूठा संकलन

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल और पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा प्रकाशित शोध पत्रिका पेसिफिक जर्नल ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ साइंसेज के नए मधुमेह विशेषांक का विमोचन किया गया। प्रधान संपादक डॉ. एस. के. वर्मा और संपादक रविंद्र बांगड़ ने इस विशेष अंक की पहली प्रति संस्थान के चेयरमैन राहुल अग्रवाल और सीईओ शरद कोठारी को भेंट कर इसका औपचारिक विमोचन किया।

चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने बताया कि पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी देश के उन चुनिंदा संस्थानों में शामिल है, जो पिछले एक दशक से निरंतर शोध पत्रिका का प्रकाशन कर रहे हैं। यह त्रैमासिक पत्रिका देश के सभी प्रमुख मेडिकल कॉलेजों के पुस्तकालयों में निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है, जो चिकित्सा अनुसंधान के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रधान संपादक डॉ. एस. के. वर्मा ने बताया कि हमेशा समय की मांग के अनुरूप विशेषांक निकाले हैं। इससे पहले दिसंबर 2022 में कोविड-19 विशेषांक, दिसंबर 2023 में प्लेटलेट्स पर आधारित अंक एवं दिसंबर 2024 में क्रोनो-न्यूट्रीशन एंड ट्रेस एलिमेंट्स विशेषांक का प्रकाशन किया जा चुका है। इन प्रकाशनों के माध्यम से मानवीय स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर विशेषज्ञों की राय और शोध को साझा किया गया है।संपादक रविंद्र बांगड़ ने बताया कि यह अंक मधुमेह पर केंद्रित है। इसमें दुनिया भर के 199 नवीनतम शोध पत्रों को बेहद सुव्यवस्थित तरीके से संकलित किया गया है। इन शोध पत्रों को 28 अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया है, ताकि पाठक अपनी जरूरत के अनुसार जानकारी जुटा सकें। यह विशेषांक मधुमेह रोग विशेषज्ञों, चिकित्सकों, मेडिकल छात्रों, आहार विशेषज्ञों,आयुर्वेद विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण और प्रमाणिक गाइड की तरह काम करेगा।

## पुस्तक का विमोचन

**उदयपुर, (कासं)।**'अंतर्दृष्टि, समाज और मन समाजशास्त्र दर्शन मनोविज्ञान की संयुक्त यात्रा दर्शन, मनोविज्ञान और समाजशास्त्र : मनुष्य को समझने की त्रिकोणीय द्रष्टि' लेखिका डॉ कविता सागर (महात्मा) की पुस्तक का विमोचन पेसिफिक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. हेमंत कोठारी द्वारा मंगलवार को पेसिफिक विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरैया हॉल में किया गया। इस अवसर पर डॉ दिलेन्द्र हिरन चेयरमैन पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, डॉ कपिलेश तिवारी प्राचार्य पेसिफिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय डॉ हेमंत पंड्या, डॉ दिपिन माथुर, निदेशक पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट श्री विनोद कुमार भदोरिया, निदेशक पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट डॉ मेहंदी शर्मा, डॉ कपिल जैन एवं मौजूद रहे। लेखिका डॉ कविता सागर (महात्मा) की यह पहली पुस्तक है जिसमे 'भीतर मनोविज्ञान, बाहर समाजशास्त्र और गहराई में दर्शन, यही है पूर्ण मानव को समझने का त्रिकोणीय दर्पण ।'क्राउन पब्लिकेशन द्वारा इस पुस्तक का प्रकाशन किया गया है।

# लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें : आबकारी आयुक्त

**जोधपुर/उदयपुर।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए मदिरा दुकानों का शत-प्रतिशत बंदोबस्त, निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार राजस्व अर्जन तथा अवैध मदिरा तस्करी एवं हथकड शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

आबकारी आयुक्त बुधवार को जोधपुर में मारवाड इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में आयोजित जोधपुर जोन के सभी जिलों की विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में जोन के जिला आबकारी अधिकारियों, उपायुक्त आबकारी निरोधक दल, सहायक आबकारी अधिकारी एवं निरीक्षकों के कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आबकारी आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सभी जोन्स में जिलेवार प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी। जिन जिलों में अधिकारियों एवं निरोधक दलों का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाया जाएगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि आबकारी निरीक्षक मदिरा दुकानों का नियमित निरीक्षण कर दुकानवार प्रगति की समीक्षा करें। इससे मदिरा उठाव एवं राजस्व अर्जन के लक्ष्यों की प्रभावी प्राप्ति संभव होगी। साथ ही होटल, रिसोर्ट एवं रेस्टोरेंट में बिना लाइसेंस मदिरा विक्रय पर पूर्ण रोक लगाने, जिलेवार लाइसेंस संख्या बढाने तथा अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए।आबकारी आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में लगभग 2174 करोड रुपये का राजस्व बकाया है। उन्होंने एमनेस्टी योजना के अंतर्गत ब्याज में छूट का लाभ देकर बकायादारों से वसूली सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मेहता ने सभी उपायुक्त आबकारी एवं निरोधक दलों को मुखबिर तंत्र को सुदृढ करने के निर्देश देते हुए कहा कि अवैध मदिरा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए गश्त एवं दबिश बढाई जाए और विशेष निरोधात्मक अभियान तेज किए जाए।

## जनसुनवाई आज

**उदयपुर, (कासं)।** समस्याओं के निस्तारण के लिए लागू त्रि स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार सुबह 11 से 2 बजे तक राजस्थान संपर्क आईटी केंद्र में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में होगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अधिकारियों को संबंधित लंबित एवं निस्तारित प्रकरणों की प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# सतर्कता समिति की बैठक आज

**उदयपुर, (कासं)।** जिला जन अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक गुरुवार को सुबह 10.30 बजे जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित होगी। प्रभारी अधिकारी एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा ने बताया कि बैठक में समिति में पंजीकृत प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निस्तारित किए जाएंगे। सभी संबंधित अधिकारियों को प्रगति रिपोर्ट निर्धारित समय पर भिजवाने तथा अपेक्षित सूचनाओं के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# बजरी लीज का विरोध, ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा

**राजसमंद, (निसं)।** मोही कस्बे में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शुक्रवार को उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने बजरी लीज का जोरदार विरोध किया। ग्रामीणों ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए लीज निरस्त करने की मांग रखी और अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के श्मशान घाट का करोडों रुपए की लागत से सौंदर्यकरण किया गया है। यदि बनास नदी में बजरी खनन की अनुमति दी जाती है तो यह पूरा क्षेत्र प्रभावित होगा और श्मशान घाट सहित आसपास का पर्यावरण खराब हो जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे जलस्तर में गिरावट आएगी, कुएं सूख जाएंगे और खेती-बाडी पर भी गंभीर असर पडेगा।ग्रामीणों ने खनिज विभाग और पर्यावरण प्रदूषण विभाग को भी ज्ञापन सौंपकर बजरी लीज निरस्त करने की मांग दोहराई। जनसुनवाई में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल राजसमंद की सहायक अभियंता लक्ष्मी मीणा, खनिज विभाग की आरती गंगवार, उप सरपंच दिग्विजय सिंह भाटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान यादवेंद्र सिंह भाटी, रमेश टांक, भगवान लाल तेली सहित सैकडों ग्रामीण उपस्थित रहे और एक स्वर में क्षेत्र से बजरी लीज समाप्त करने की मांग की।

## समीक्षा बैठक ली

**बांसवाड़ा, (निसं)।** कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने कलेक्टर सभागार में राज्य फ्लैगशिप योजनाओं एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली।

जिला कलक्टर ने फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधी अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। कलेक्टर ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी फ्लैगशिप योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे।

# मेला धार्मिक अनुष्ठान के साथ होगा शुरू

**कपासन, (निसं)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री शनि महाराज आली में तीन दिवसीय वार्षिक मेला गुरुवार 16 अप्रैल से धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शुरू होगा। मेले के पहले दिन भजन संध्या, दूसरे दिन राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम और तीसरे दिन भी भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

तीर्थस्थल की प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के सचिव कालू सिंह के अनुसार, मेला गुरुवार सुबह यज्ञ हवन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों से शुरू होगा। इसके बाद मंदिर पर ध्वजा चढ़ाकर मेले का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।कमेटी अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह ने बताया- मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। तीर्थ स्थल पर मेलार्थियों और श्रद्धालुओं के लिए छाया, पानी, सुरक्षा और चिकित्सा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मेला ग्राउंड पर दुकानें सज चुकी हैं और मनोरंजन के लिए झूले-चकरी आदि भी लगाए गए हैं।बस स्टैंड से मंदिर परिसर तक आकर्षक लाइट डेकोरेशन किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। तीर्थ स्थल पर अंदर ओर बाहर कुल 32 सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी रखी जाएगी। कमेटी की ओर से 30 से अधिक सुरक्षा गार्ड व्यवस्था में तैनात रहेंगे, साथ ही पुलिस का विशेष जाब्ता भी मौजूद रहेगा। तीर्थ स्थल पर आने वाले तीनों मार्गों पर अलग से पार्किंग की व्यवस्था की गई है।मेले में तीनों ही दिन रात्रि को भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गुरुवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें रात 8:30 बजे से 11 बजे तक महाकाल म्यूजिकल ग्रुप और हंसा रंगीली एंड पार्टी द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें भजन गायक धनराज कोशीधल के साथ विनेश छेला और मिस साया मेवाड़ी आदि अपनी प्रस्तुतियां देंगे। रात 11 बजे न्यू राजस्थानी म्यूजिकल ठ्रुप की ओर से प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा एंड पार्टी कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी।शुक्रवार रात्रि को न्यू चामुंडा म्यूजिकल ठ्रुप और महाकाल ठ्रुप कोटा की ओर से राजस्थानी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम होगा, जिसमें कई धार्मिक झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी।

**कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति, कुराबड़, उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:- 60 दिनांक:- 15.04.2026

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना 03/2026-27**

पंचायत समिति कुराबड़ के अधीन की ग्राम पंचायतों में मानव संसाधन सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्ट बोलीदाताओं/संवेदकों से दर संविदा ई निविदा दिनांक 24.04.2026 को सांय 06.00 पी.एम. बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदाओं का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाएं www.eproc.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।

UBN-ZUD2627SLRC00161

विकास अधिकारी
पंचायत समिति, कुराबड़

## विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**भीम, (निसं)।** पंचायत समिति क्षेत्र के कालागुमान,दिवेर, छापली आदि ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बुधवार को दिवेर उप तहसीलदार बाबूलाल नारोलिया विकास अधिकारी कृष्ण मुरारी छालिया प्रशासक मद सिंह भंवर सिंह गणपत सिंह आदि के सानिध्य में मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पंचायत समिति के विकास अधिकारी कृष्ण मुरारी छालिया ने बताया कि राज्य सरकार युवा महिला किसान और गरीब के समग्र विकास को लेकर मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान के तहत विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर विकास का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। उपखंड अधिकारी विकास कुमार शर्मा ने आदेश जारी कर ठ्ठामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ग्रामीण स्तर पर आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए राज्य सरकार द्वारा विकसित राजस्थान 2047 के विजन के अनुरूप योजनाबद्ध विकास हेतु राजस्थान इंस्टीट्ययूट फॉर ट्रांसपोर्टेशन एंड इनोवेशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतो से जिला स्तर तक के विकास के लिए मास्टर प्लान बनाने हेतु मुख्यमंत्री विकास ग्राम अभियान के तहत 15 अप्रैल से 27 अप्रैल तक चरणबद्ध रूप से ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

15 अप्रैल को दिवेर ,कालागुमान, छापली, 16 अप्रैल को बाघाना, खीमाखेड़ा, बरजाल, 17 अप्रैल को बगड़,पीपलीनगर ,लाखागुड़ा, 20 अप्रैल को मंडावर, काछबली, ठीकरवास, 21 अप्रैल को बरार, हामेला की वैर ,कुशलपुरा, 22 अप्रैल को बालातों की गुआंर, कुकरखेडा, डुंगाजी का गांव, 23 अप्रैल को समेलिया ,अजीतगढ़, कालादेह, 24 अप्रैल को थानेटा, टोगी, लसाडिया, 27 अप्रैल को कुकड़ा ,बल्ली जसाखेड़ा आदि ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम सभा प्रभारी अधिकारियों की मौजूदगी में ग्राम सभा का सफल आयोजन किया जाएगा।

